नईदुनिया

# पखांजूर में 128 पैकेट नकली मक्का बीज जब्त

पिछले कई वर्षों से परलकोट क्षेत्र में किसानो को घटिया बीज दुकानदारों द्वारा बेचा जा रहा था। लगातार किसानों की शिकायत एसडीएम व तहसील कार्यालय में की जा रही थी, बावजूद इसके आज तक शासन-प्रशासन की ओर से कड़ी कार्रवाई नहीं हुई।

Publish Date: | Sun, 07 Nov 2021 01:16 AM (IST)



पखांजूर। पिछले कई वर्षों से परलकोट क्षेत्र में किसानो को घटिया बीज दुकानदारों द्वारा बेचा जा रहा था। लगातार किसानों की शिकायत एसडीएम व तहसील कार्यालय में की जा रही थी, बावजूद इसके आज तक शासन-प्रशासन की ओर से कड़ी कार्रवाई नहीं हुई। लिहाजा किसान प्रतिवर्ष घटिया किस्म के बीज बुआई से आर्थिक नुकसान झेल रहे थे। शनिवार को पीवी 39 नंबर में गांव के किसान द्वारा भौमिक कृषि केंद्र में पतासाजी करने पर डुप्लीकेट डीकेसी मक्का बीज भारी मात्र में बरामद हुआ। मौके से ग्रामीणों द्वारा पखांजूर तहसीलदार को इसकी जानकारी दी गई तो भौमिक कृषि केंद्र के संचालक देवाशीष भौमिक ने पीवी आठ निवासी तपन मंडल से बीज का खरीदना बताया। खबर मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए तपन मंडल के कृषि दुकान सुजाता कृषि केंद्र पखांजूर, दुर्गा मंदिर के समीप पहुंचकर जांच की गई, जहां से बाजू के दुकान से 128 पैकेट डीकेसी मक्का बीज मिला। हालांकि सुजाता कृषि केंद्र के संचालक तपन ने इस बीज को श्री कृष्णा सीड्स सिद्पिेड तेलंगाना से खरीदी का बिल दिखाते हुए कहा कि मैंने इस बीज की खरीदी तेलंगाना से की है। यह बीज नकली नहीं हैं। बिल के अनुसार सुजाता कृषि केंद्र द्वारा 490 पैकेट खरीदी की जानकारी मिली है। इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि कितने मात्र में नकली बीज अंचल में खपाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर कड़ी जांच की जाए तो पखांजूर के कई बड़े दुकान इसके गिरफ्त में आ सकते हैं।

पखांजूर तहसीलदार द्वारा जब्त बीज की लैब टेस्ट करवाने की बात कही जा रही है। इससे बहुत बड़ा नकली बीज बेचने बाले गिरोहों का खुलासा हो सकता है। ग्रामीण जगन्ना◌थ बिस्वास, निमाई मंडल, परितोष म्रिधा ने कहा कि हम किसानों को प्रतिवर्ष बीजों से होने वाले नुकसानों का सामना करना पड़ता है। ऐसे फर्जी दुकान संचालको की वजह से कई किसान आर्थिक तंगी से आत्महत्या भी कर चुके हैं, ऐसे लोग कंपनी से मिलकर निजी व स्थानीय किसानों को ठगते हैं। परलकोट एक कृषि प्रधान क्षेत्र हैं जहां पर तीन से चार लाख जनसंख्या वाले इस क्षेत्र में प्रायः खेती-ब्राडी करते हैं। इस संबंध में शेखर मिश्रा तहसीलदार, पखांजूर ने कहा कि देखने से लगता है कि बीज नकली है। इसकी जांच की जाएगी तथा जब्त मक्के का सैम्पल लैब टेस्ट के लिए भेजा जाएगा। दोषियों पर जरुर कार्रवाई होगी।

Source: https://www.naidunia.com/chhattisgarh/kanker-128-packets-of-fake-maize-seeds-seized-in-pakhanjur-7122294